**खबर संक्षेप**

## कृषि विज्ञान केन्द्र गाजीपुर में प्रस्फुटन समितियों का क्षमता वृद्धि कार्यशाला आयोजित

**मण्डला।** नवांकुर संस्था सनातन वैदिक गुरुकुल एवं गौशाला संरक्षण समिति गाजीपुर के नेतृत्व में सेक्टर बकोरी में चयनित प्रस्फुटन समितियों एवं नवांकुर सखियों प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित किया गया। इस दौरान मुख्य अतिथि के रूप में कृषि विज्ञान केन्द्र मंडला के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ रामेश्वर अहिरवार, विकास खण्ड समन्वयक श्री संतोष कुमार झारिया की उपस्थिति रही। कार्यक्रम की भूमिका रखते हुए श्री झारिया ने जन अभियान परिषद् द्वारा संचालित योजनाओं के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी एवं कहा कि ग्राम विकास प्रस्फुटन समितियों द्वारा अपने अपने ग्रामों में शासन की जन कल्याणकारी योजनाओं को गांव के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने एवं प्रचार-प्रसार का कार्य किया जाता है साथ ही शासन की विभिन्न अभियान अंतर्गत बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया जाता है। इसी कड़ी में वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ रामेश्वर अहिरवार ने कहा कि कृषि को एक लाभदायक व्यवसाय में बदलने के लिए आधुनिक तकनीक, जैविक खेती, मूल्य संवर्धन और सीधे विपणन को अपनाना आवश्यक है। इन कदमों को उठाकर किसान न केवल अपनी आय बढ़ा सकते हैं, बल्कि ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार के अवसर भी पैदा कर सकते हैं। इस दौरान समस्त परामर्शदाताओं, नवांकुर संस्था सनातन वैदिक गुरुकुल एवं गौशाला संरक्षण समिति के प्रतिनिधि, ग्राम विकास प्रस्फुटन समितियों के पदाधिकारियों सीएमसी एलडीपी के छात्र-छात्राओं एवं नवांकुर सखियों की उपस्थिति रही।अंत में प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।

### चांगरिया में आयोजित हुआ अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर भव्य कार्यक्रम

# महिला सशक्तिकरण के प्रति समर्पित एक कदम

*** चुनौतियों का सामना करने दी समझाईश।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला



ग्राम पंचायत चांगरिया में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में एक भव्य और प्रेरणादायक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि कैबिनेट मंत्री श्रीमती संपत्तियां उइके दीदी जी और जिला पंचायत अध्यक्ष संजय कुशराम की गरिमामयी उपस्थिति ने कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई।

कार्यक्रम में सरपंच संघ के जिला अध्यक्ष अजय कुशराम जी, ग्राम पंचायत चांगरिया सरपंच दसरू मार्को, भीमा सरपंच रामकुमारी सैयाम जी, भावा माल सरपंच सरस्वती धुर्वे, अहमदपुर प्राचार्या द्रौपदी मरकाम, मेढ़ाताल प्राचार्या अल्पना झरिया जी, दिवारा पंचायत सरपंच अनीता सरवटे, मनोहर पुर सरपंच सुखवंती मरावी, मटियारी, सुरपन, बंजर, हालोन फेडरेशन के अध्यक्ष तथा बिछिया विचार मंच के समस्त सदस्य उपस्थित थे, जिनकी उपस्थिति ने कार्यक्रम को और भी प्रभावशाली बना दिया।

कार्यक्रम का मंच संचालन करने वाली रामप्यारी नंदा जी एवं सरस्वती मशकोले ने इसे बहुत ही व्यवस्थित और आकर्षक रूप से प्रस्तुत किया।

कार्यक्रम के दौरान जगमंडल-अंजनिया रेंजर मैडम लतिका उपाध्याय ने महिलाओं को वन अधिकार के बारे में जानकारी दी। शिक्षा विभाग से उपस्थित व्याख्याता विज्ञान संकाय हॉस्टल अधीक्षिका सुनीता मरावी ने बेटियों को शिक्षा और आवास की व्यवस्थाओं के बारे में प्रकाश डाला। अल्पना झरिया और द्रौपदी मरकाम ने भी बेटियों की शिक्षा पर अपने विचार साझा किए और सशक्त बेटी, सशक्त समाज का संदेश दिया।

यह आयोजन महिला सशक्तिकरण के प्रति समर्पित एक महत्वपूर्ण कदम था, जिसने महिलाओं के अधिकारों और उनके समक्ष आने वाली चुनौतियों के बारे में जागरूकता फैलाने का कार्य किया। इस अवसर पर समाज के विभिन्न क्षेत्रों से महिलाएं एकत्रित हुईं और उनके विचारों एवं अनुभवों को साझा करने का अवसर मिला।



श्रीमती संपत्तिया उइके ने महिलाओं की शक्ति और उनके समाज में योगदान की महत्ता पर प्रकाश डाला और महिला सशक्तिकरण की दिशा में कई महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा की। जिला पंचायत अध्यक्ष संजय कुशराम जी ने भी अपने विचार व्यक्त किए।

कार्यक्रम में महिलाओं द्वारा प्रस्तुत विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने वातावरण को खुशनुमा बना दिया। कुर्सी दौड़, जलेबी दौड़, बच्चों का नृत्य, और महिलाओं द्वारा शराब के खिलाफ बनाए गए गाने ने सभी उपस्थितों का दिल जीत लिया। इसके अलावा, सांस्कृतिक गाने और मनोरंजन के कार्यक्रमों ने पूरे दिन को यादगार बना दिया।

**इनका कहना है :-**

*कार्यक्रम की सफलता का श्रेय उन सभी महिलाओं को जाता है जिन्होंने इस आयोजन में सक्रिय रूप से भाग लिया और इसे सफल बनाया।*

*-रागिनी परते, अध्यक्ष,*
*-इलायची उइके, उपाध्यक्ष,*
*बिछिया विचार मंच*

## फिट इंडिया वुमन्स वीक-2026 के अंतर्गत सेमरखापा में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित



हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

कलेक्टर सोमेश मिश्रा के निर्देशन एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती शालिनी तिवारी के मार्गदर्शन में वन स्टॉप सेंटर मण्डला द्वारा दिनांक सोमवार को ग्राम पंचायत सेमरखापा में 'फिट इंडिया वुमन्स वीक-2026' के अंतर्गत थीम आधारित आउटरीच गतिविधियों का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम के दौरान उपस्थित महिलाओं को फिट इंडिया वुमन्स वीक के उद्देश्य से अवगत कराते हुए आत्मरक्षा, सुरक्षा एवं स्वस्थ जीवनशैली के प्रति जागरूक किया गया। महिलाओं को प्रतिदिन योगाभ्यास एवं नियमित व्यायाम अपनाने के लिए प्रेरित किया गया, जिससे वे शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ रह सकें।

कार्यक्रम में प्रभारी प्रशासक श्रीमती मधुलिका उपाध्याय ने बताया कि महिला सशक्तिकरण का उद्देश्य महिलाओं को सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक रूप से स्वतंत्र, सक्षम तथा समान अधिकार प्रदान करना है, ताकि वे अपने जीवन से जुड़े निर्णय स्वयं ले सकें। उन्होंने कहा कि शिक्षा, सुरक्षा और स्वास्थ्य की उपलब्धता महिलाओं के सशक्तिकरण के प्रमुख आधार हैं। उन्होंने जानकारी दी कि बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ', नारी शक्ति वंदन अधिनियम तथा वन स्टॉप सेंटर जैसी पहलें महिलाओं को आत्मनिर्भर एवं सुरक्षित बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। हिंसा से प्रभावित महिलाओं को कानूनी सहायता, चिकित्सा सुविधा और अस्थायी आश्रय प्रदान करने के लिए 'सखी केंद्र (वन स्टॉप सेंटर) तथा महिला हेल्पलाइन 181 सक्रिय रूप से कार्य कर रही है।

कार्यक्रम में यह भी बताया गया कि बालिकाओं के प्रति सम्मान और लिंगानुपात में सुधार के लिए विभिन्न योजनाएँ संचालित की जा रही हैं। कार्यस्थलों पर महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए वर्किंग वुमन हॉस्टल तथा शी-बॉक्स पोर्टल जैसी सुविधाएँ भी उपलब्ध कराई गई हैं। कार्यक्रम में उपस्थित महिलाओं एवं प्रतिभागियों को बाल विवाह मुक्त भारत के निर्माण के लिए शपथ भी दिलाई गई। इस अवसर पर ग्राम पंचायत के सरपंच, सचिव, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका, बहुउद्देशीय कार्यकर्ता आरती वरकड़े सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे।

## बुधवार को आरोग्यम मण्डला जन स्वास्थ्य शिविर

**मण्डला।** ग्राम पंचायत स्तर पर ही प्राथमिक स्वास्थ्य सेवायें उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जिला प्रशासन एवं कलेक्टर श्री सोमेश मिश्रा के मार्गदर्शन में स्वास्थ्य विभाग द्वारा अन्य विभागों के सहयोग से आरोग्यम मण्डला 2.0 का आयोजन किया जा रहा है। दिन बुधवार 11 मार्च को जिले में 24 स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन किया जायेगा।

## ग्राम पंचायत लिमरूआ में लगाये जा रहे बिल सवालों के घेरे में, मनमानी का आरोप



**मण्डला।** मध्य प्रदेश के मंडला की ग्राम पंचायत लिमरूआ लगातार चर्चा में बनी हुई है। पिछले दिनों इस पंचायत में 42 हजार का पोहा एवं 11हजार रुपए की काजू कतली का बिल लगाकर राशि निकाली गई थी। जिस पर कई सवाल खड़े हुए थे, मीडिया ने भी खबर को चलाया था लेकिन अभी तक जांच नहीं हुई और अब एक दूसरा बिल साइन बोर्ड बनवाने के नाम पर लगाया गया है इसमें 21 हजार रुपए निकाले गए हैं। जो सवालों के घेरे में है सूत्रों की माने तो साइन बोर्ड कही दिखाई नहीं दे रहे हैं। अब देखने वाली बात होगी कि ऐसे मनमानी करने वालों पर उच्चाधिकारी कब और क्या कार्रवाई करेंगे। क्या यह सिलसिला ऐसे ही जारी रहेगा।

## बालाई नदी में नहाते समय युवक डूबा, नहीं मिली लाश



हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला/नारायणगंज

नेशनल हाईवे 30 के किनारे बलाई पुल के पास नहाते हुए सुभाष भलावी पिता सूरज भलावी उम्र 28 वर्ष निवासी देवलपुरा नागपुर जो की नहाते हुए डूब गया जिस पर पुलिस द्वारा मंडला से एसडीईआर एफ की टीम ने करीब चार-पांच घंटे नदी में तलाश करने पर भी युवक का शव नहीं मिला यह घटना दोपहर ढाई और 3:00 बजे के बीच की है नेशनल हाईवे में मैं काम करने आए हुए बाहर के युवा के द्वारा नदी में नहाते हुए डुब जाने से युवक का अभी तक पता नहीं चला टीम द्वारा लगातार सर्च करने के बाद भी युवक का कहीं अता-पता नहीं चला टिकरिया थाने के अंतर्गत खैरी ग्राम पंचायत नारायणगंज के बालाई पुल की यह घटना है टिकरिया थाने से टी आई प्रदीप कुमार पांडे एवं उनका स्टाफ लगातार मौजूद रहा और ढूंढने में मदद की परंतु शाम 6:00 बजे तक किसी प्रकार की कोई जानकारी नहीं मिली कल सुबह का इंतजार है ताकि डूबा हुआ व्यक्ति का कुछ पता चल सके।

## प्राकृतिक आपदाओं से निपटने में पूर्व तैयारी जरूरी-कलेक्टर



*** जिला आपदा प्रबंधन पर कार्यशाला आयोजित।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

जिला आपदा प्रबंधन कार्यशाला जिला योजना भवन में सोमवार को आयोजित की गई। इस अवसर पर कलेक्टर सोमेश मिश्रा ने अधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि संक्रामक रोग, भूकम्प, आग, जैसी आपदाएं आकस्मिक रूप से हमारे सामने आती हैं, इसके लिए हमें पहले से ही सतर्क रहते हुए एक टीम के रूप में इनसे निपटने के लिए तैयार रहना चाहिए। हमें प्राकृतिक आपदाओं के साथ-साथ अन्य आकस्मिक घटनाओं के प्रति भी जागरूक रहना चाहिए।

इस कार्यशाला के दौरान एसडीईआरएफ के डिप्टी कमांडेंट श्री हेमराज परस्ते ने पीपीटी के माध्यम से प्राकृतिक तथा मानव निर्मित आपदाओं के विषय में विस्तार से प्रस्तुतकरण किया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक रजत सकलेचा, अपर कलेक्टर राजेन्द्र कुमार सिंह, सीईओ जिला पंचायत शाश्वत सिंह मीना, संयुक्त कलेक्टर हुनेन्द्र घोरमारे, डिप्टी कलेक्टर श्रीमती क्षमा सराफ, समस्त एसडीएम, तहसीलदार तथा जिलाधिकारी उपस्थित थे।

**कार्यक्रम** | **पहल महिला आजीविका संकुल स्तरीय परिसंघ अंजनिया आयोजन।**

# समूह की महिलाओं ने किया रंगारंग कार्यक्रम

*** पंडवानी गीत के माध्यम से दिया गया संदेश।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला



अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर अंजनिया के महिला परिसंघ द्वारा रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। पहल महिला आजीविका संकुल स्तरीय परिसंघ अंजनिया द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम के दौरान परिसंघ की वार्षिक सामान्य सभा भी संम्पन्न की गई। वार्षिक सामान्य सभा में पहल सी एल एफ की वार्षिक वित्तीय जानकारी, आय-व्यय, और वार्षिक बजट की जानकारी उपस्थित सभी दीदियों के समक्ष प्रस्तुत की गई।



कार्यक्रम में स्व सहायता समूह की दीदियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया, जिसमें उन्होंने नशा मुक्ति, घरेलू हिंसा, हेलमेट का उपयोग, और स्वच्छ भारत मिशन जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर संदेश दिया। नीतू झारिया दीदी ने अपनी पंडवानी गीत के माध्यम से लोगों को संदेश दिया। इस अवसर पर उत्कृष्ट ग्राम संगठन, उत्कृष्ट स्व सहायता समूह, बैंक सखी, बी सी सखी, सक्रिय सी आर पी, समूह सहायिका, ग्राम संगठन बुक कीपर, एरिया कॉर्डिनेटर, और पत्रकारों को सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में जनपद पंचायत बिछिया की अध्यक्ष श्रीमती सकुना उईके, जनपद सदस्य श्री महेंद्र पटेल, जिला प्रबंधक आजीविका मिशन श्रीमती ममता अर्शिया व श्रीमती अंकिता मरावी, सहायक प्रबंधक सलमा बेगम तथा अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। पहल सी एल एफ अंजनिया की अध्यक्ष श्रीमती प्रेमकली मरावी के अध्यक्षता में कार्यक्रम सम्पन्न हुआ।

## अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर विनोद रंग मंच पर हुआ भव्य कार्यक्रम



*** सुंदर प्रस्तुति के साथ हुई शुरुआत।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला/भुआबिछिया

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष में बिछिया नगर परिषद के अंतर्गत विनोद रंगमंच में महिलाओं के द्वारा भव्य कार्यक्रम आयोजित कर धूमधाम से महिला दिवस मनाया, उक्त कार्यक्रम में श्रीमती शकुना उईके जपं अध्यक्षा की अध्यक्षता एवं नगर परिषद अध्यक्ष रजनी मरावी व श्रीमती अरुणा दीक्षित के विशिष्ट आतिथ्य में सम्पन्न हुआ कार्यक्रम में महिला सशक्तिकरण एवं समसामयिक घटनाओं को लेकर भाषण नाटक नृत्य प्रस्तुत किए गए इस अवसर पर भाषण गीत नृत्य एवं फैंसी ड्रेस पर कंपटीशन होने के कारण कार्यक्रम बहुत ही आकर्षक रहा, इस अवसर पर विशेष वक्तव्य की श्रृंखला में कार्यक्रम में श्रीमती आरती मोदी, निमिषा तिवारी, संगीता गर्ग, उमा गर्ग,अर्पिता ने महिला दिवस पर विचार रखते हुए सभी को संबोधित किया वही विभिन्न प्रतियोगिताओं में किरण गुप्ता, निर्मला पंद्रे रजनी तेकाम, आरती धुर्वे, संगीता सेठिया, लक्ष्मी कार्तिकेय छोटी मरावी, सीमा राजपूत आदि सुंदर मनमोहक प्रस्तुतियां दी। कार्यक्रम में समस्त नगर सहित क्षेत्र की महिलाएं ने भी अपना पूरा सहयोग दिया और कार्यक्रम के अंत तक बनी रही, कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य वरिष्ठ बुजुर्ग महिलाओं का सम्मान, महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देना उनको जागरूक करना और वर्तमान परिस्थितियों में होने वाली घटनाओं से सतर्क रहना समझदारी का परिचय देना, नशा मुक्ति को भी केंद्र बिंदु बनाकर किशोर बालक बालिकाओं को जागरूक करना तथा नशा मुक्ति से बचाव हेतु संदेश प्रदान किया गया। नाटक के माध्यम से महिला शिक्षा को बढ़ावा देना और हर क्षेत्र में कार्य करने के लिए जागरूक करना मुख्य उद्देश्य रहा कार्यक्रम का सफल संचालन सुश्री सीमा राजपूत व रजनी तेकाम ने किया, कार्यक्रम के अंत में फूलों की होली खेलते हुए समरसता का संदेश दिया गया।

## खबर संक्षेप

### परीक्षाओं के बाद अब प्राथमिक एवं माध्यमिक स्कूलों मे स्थानीय परीक्षा का हुआ शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज/ गाडरवारा। माध्यमिक शिक्षा मंडल की वोर्ड परीक्षाओं के समापन बात अब निजी स्तर के स्कूलों की परीक्षाओं की शुरूआत हो चुकी है। बताया जाता है कि क्षेत्रीय शासकीय एवं माध्यमिक स्कूलों मे राज्य शिक्षा केंद्र के निर्देशानुसार बीते सोमवार से कक्षा 3, 4, 6 एवं कक्षा 7 वी की वार्षिक परीक्षा शुरू हो गईं हैं। जानकारी के अनुसार कक्षा 3 एवं 4 कक्षा की परीक्षा 16 मार्च तक एवं कक्षा 6 एवं 7 वी की परीक्षा 14 मार्च तक होंगी। उसके उपरांत अमूल्यांकित उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन के बाद रिजल्ट घोषित हो जायेंगे। उक्त परीक्षाएं सुबह 10 बजे से दोपहर 12:30 बजे तक की पाली मे आयोजित हो रही हैं। पहले दिन बच्चों ने हिंदी विषय का प्रश्न पत्र हल किया।

### महिला की अंगुली दांत से काटी

गाडरवारा। पुलिस थाने से मिली जानकारी के अनुसार बीते हुये दिवस समीपस्थ ग्राम गरधा निवासी एक महिला द्वारा पुलिस थाने में अपनी शिकायत दर्ज कराते हुये बताया है कि मेरा देवर बसोरी जाटव भी साथ में रहता है । बीते हुये दिवस अचानक गंदी गंदी गालिया देते हुये बोलने लगा कि मेरी झूठी रिपोर्ट थाने में करती हो जब प्रार्थिया ने गालिया देने से मना किया उसने झूमाझटकी करते हुये हाथ की अंगुली को दांत से काटते हुये घायल कर दिया व जान से मारने की धमकी दी गई। घटना को लेकर पुलिस ने प्रार्थिया की शिकायत पर आरोपी देवर के खिलाफ मामला कायम करते हुये जांच में लिया गया है।

### बाइक की टक्कर से स्कूटी चालक महिला घायल

गाडरवारा। नगर के पुलिस थाने से मिली जानकारी के अनुसार बीते हुये दिवस डोला बाबा निवासी एक युवक द्वारा पुलिस थाने में अपनी शिकायत दर्ज कराते हुये बताया हे कि बीते हुये दिवस की बात है जब मेरी पत्नि सविता बाई अपनी बहन सकुन्तला बाई लोधी को स्कूटी से रेल्वे स्टेशन गाडरवारा छोड़ने जा रही थी। जैसे ही यह लोग आईटीआई बैल बाजार के पास पहुचे थे तभी पीछे तरफ से एक मो.सा. MP49MG0487 का चालक तेजगति लापरवाही पूर्वक उतावलेपन से अपनी मो.सा. को चलाते हुये लाया और प्रार्थी की की पत्नी की स्कूटी में टक्कर मार देने के कारण सबिता व उसकी बहिन लता को चोटे आने के चलते पुसिल ने आरोपी मोटर साईकिल चालक के खिलाफ मामला कायम करते हुये जांच में लिया गया है।

### पिता पुत्र ने मिलकर की मारपीट

गाडरवारा। समीपस्थ सालीचौका पुलिस चौकी से मिली जानकारी के अनुसार बीते हुये दिवस ग्राम अर्जुनगांव निवासी धनीराम उर्फ कल्लू पिता गोरेलाल अहिरवार उम्र 28 साल द्वारा पुलिस थाने में अपनी शिकायत दर्ज कराते हुये बताया हे कि जब वह अपने किसी काम से कही जा रहा था उसी दौरान गांव का करन अहिरवार पुरानी बुराई को लेकर गंदी गंदी गालिया देते हुये लाठी से मारपीट कर चोटे पहुंचाई। इस दौरान करन के पिता रम्मू अहिरवार ने आकर भी प्रार्थी के साथ मारपीट करते हुये चोटे पहुंचाई।

### अज्ञात चोरों ने मंदिर की दान पेटी से पार किये पैसा

गाडरवारा। चोरों के हौसले इतने बुलंद होते हुये देखे जा रहे है कि वह अब भगवान मंदिरों को भी नही छोड़ रहे है। कुछ इसी प्रकार की सच्चाई बीते हुये दिनों समीपस्थ सालीचौका में उस समय देखने मिली जब किसी अज्ञात चोर द्वारा सांई मंदिर का चेनल गेट तोड़ते हुये दान पेटी की राशि सहित त्रिशूल पार कर लिया गया। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार मंदिर के पुजारी कमलकांत पिता काशीराम प्रसाद नाय उम्र 52 साल द्वारा पुलिस थाने में अपनी शिकायत दर्ज कराते हुये बताया है कि मेरी तबियत खराब होने से सांई मंदिर की पूजा मंदिर के सहायक गनेश मेहरा ने की थी और वह मंदिर के चैनल गेट मे ताला लगाकर अपने घर चला गया था । इसके बाद दूसरे दिन गनेश मेहरा पुनः पूजन करने सांई मंदिर गया तो उसने मुझे फोन करके बताया कि मंदिर के चैनल गेट का ताला टूटा पडा था।

### झोपड़ी में सो रहे वृद्ध पति पत्नी की हत्या से फैली सनसनी..

# सांईखेड़ा थाना क्षेत्र के बम्हौरी में घटित हुये दोहरे हत्याकांड ने खोली क्षेत्र की कानून व्यवस्था की पोल





**हरिभूमि न्यूज/सांईखेड़ा/गाडरवारा।** इस बात से इंकार नही किया जा सकता है कि जहां जिला स्तर के अधिकारियों द्वारा मादक पदार्थो के खिलाफ लगातार मुहिम चलाते हुये जिस तरह से सफलताये हासिल की जा रही है उससे लोगों में सराहना मिल रही है। मगर दूसरी ओर क्षेत्रों की बिगड़ी कानून व्यवस्थाओं का हाल इस तरह से देखने मिल रहा है कि पुलिस की दहस्त समाप्त होने के चलते लोग अपने घरों के अंदर भी अपने आपको असुरक्षित महसूस करने से नही चूक रही है..? मुख्य रूप से देखा जावे तो गाडरवारा अनुविभाग के अंतर्गत आने वाले सांईखेड़ा व चीचली थानों की बागडोर में अतिरिक्त तारे लगा दिये गये है। मगर इन तारों में अनुभवहिनता का परिणाम है कि इन क्षेत्रों की कानून व्यवस्था जिस तरह पटरी से उतारते हुये देखी जा रही है वह निश्चित तौर से जिला स्तर के अधिकारियों की कार्य कुशलता पर सबाल खड़े करने से नही चूक रही है...? कुछ इसी प्रकार की सच्चाई समीपस्थ सांईखेड़ा थाना क्षेत्र में घटित हुये दोहरे हत्याकांड की घटना को लेकर स्थानीय पुलिस की भूमिका पर प्रश्न चिन्ह लगते हुये प्रतीत होने से नही बच पा रहा है..? क्योंकि बीते हुये दिवस सांईखेड़ा थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम बम्हौरी में जिस तरह झोपड़ी में निवास करने वाले वृद्ध पति पत्नी की हत्या सामने आने से जहां पूरे क्षेत्र में सनसनी का महौल निर्मित होने से नही चूक पाया है तो दूसरी ओर क्षेत्र के लोगों को दहशत में देखा जा रहा है। घटना के संबंध में बताया जाता है कि वृद्ध छुट्टी चौधरी उम्र लगभग 65 साल व उसकी पत्नी खेरा बाई चौधरी उम्र लगभग 60 साल रात के समय अपने घर में सो रहे थें। मगर जब लोगों ने उन्हें सुबह देखा तो दोनों संदिग्ध स्थिति में मृत पाये गये। जन चर्चाओं के अनुसार बताया जाता है कि दोनों पति पत्नी की लाशे खून से सूनी हुई थी जिसके चलते यह प्रतीत होने से नही चूक पा रहा था कि शायद इनकी किसी ने हत्या की गई है..? वही घटना की सूचना मिलते ही सांईखेड़ा पुलिस मौके पर पहुंचकर घटना की जांच शुरू की गई तो दूसरी ओर जिला पुलिस अधीक्षक ऋषिकेश मीना भी अपने पूरे दलबल के साथ मौके पर पहुंचे। वही जिला मुख्यालय से खोजी कुत्ता बुलाकर मामले की जांच की जा रही है। इस तरह घटित हुये दोहरे हत्याकांड संपूर्ण क्षेत्र में सनसनी का महौल निर्मित कर दिया गया। वही दूसरी ओर पुलिस द्वारा मृत पति पत्नी के शव का पंचनामा बनाते हुये मर्ग कायम करने के बाद जांच में लिया गया है। घटना की सच्चाई जानने के लिये सांईखेड़ा पुलिस से संपर्क करने का प्रयास लगातार किये जाने के बाद भी उनके द्वारा पत्रकारों के फोन उठाना भी उचित नही समझे जाने से यह प्रतीत होते हुये दिखाई देने से नही चूक पा रहा है कि मानों घटना की सच्चाई को लेकर पुलिस कुछ छुपाने का प्रयास कर रही हो..? खैर सच्चाई जो भी हो। मगर सांईखेड़ा क्षेत्र में घटित हुये इस तरह के दोहरे हत्या कांड ने जहां पुलिस की पहरेदारी पर सबाल खड़े कर दिये गये है।






## मिलावटी ठंडे पेय पदार्थो का शहर में निर्माण व बिक्री के चलते बच्चों के साथ साथ आमजन के स्वास्थ्य पर पड रहा विपरीत असर

### गुणवत्ता हिन सामग्री की अनदेखी पड़ सकती है भारी....?

**हरिभूमि न्यूज/ गाडरवारा।** ज्यो ज्यों गर्मी अपने तेवर दिखाने के लिये उतावली हो रही है त्यों त्यों ठंडे पेय पदार्थो के ठेले सजने के साथ साथ बच्चों को लभाने से पीछे नही रह रहे है। मगर हैरत की बात है कि संबंधित विभाग के पास इनकी गुणवत्ता की जांच करने का समय नही होने के कारण यह ठंडे पेय पदार्थ मासूमों की जिन्दगी पर भारी पड़ने से नही चूक रहे है..? क्योंकि आधुनिकता की लहर के चलते ठंड के मौसम में भी अब शादी सामारोह में आईस्क्रीम नजर आने लगी है और आमतौर पर बारिश, ठंड के मौसम में भी नगर में अनेक प्रकार के ठंडे पेय पदार्थ दुकानों की फ्रीजरों में रखे देखे जा रहे है, जिसके चलते इस सामान की बिक्री हो रही है.. इतना ही नही कुछ दुकानों पर तो स्थिति इस प्रकार से देखी जाती है कि नामी गिरामी कंपनियों की सूरत में बिकने वाली गुणवत्ता हीन पेय पदार्थ सस्ता होने के चलते बच्चों को मोहित करने से नही चूकते है? वही दूसरी ओर मिल रही अनुसार बीते हुये फरवरी माह से ही नगर में जहां एक ओर रंगीन कुल्फियां तैयार करने वाली फैक्ट्रियॉ सजकर कर तैयारी होकर कुल्पी सहित अन्य प्रकार की सामग्री का विक्रय होने की शुरूआत हो चुकी थी। वही दूसरी ओर नगर के चौक चौरहों पर भी बाहर से आये हुए लोगों के अनेक प्रकार के शेक आईस्क्रीमों के ठेले भी दिखाई देने लगे है जिन्हें बच्चों द्वारा खाने से उनके स्वास्थ्य पर विपरित असर दिखाई देने से नही चूक पा रहा है। क्योंकि इस समय मौसम के हाल इस तरह देखे जा रहे है कि जहां दिन के समय तेज तपन व शाम होते ही ठंड का अहसास दिलाने से नही चूक रहा है। वही दूसरी नगर में मिलावटी ठंडे पेय पदार्थो की बिक्री के चलते जहां बच्चे इसकी चपेट में आने के कारण बीमार होते हुये देखे जा रहे है। क्योंकि समय देखा जा रहा है कि अचानक बादल में बदली छाने के लिये ठंडक का अहसास होने लगता है तो दूसरी ओर दिन के समय तेज तपन के चलते लोग बेहाल होने से नही चूकते है। मगर इस प्रकार से मौसम के मिजाज के चलते बच्चें अपने आप ही अनेक प्रकार की बीमारियों की गिरप्त में आते हुए देखे जा रहे है। वही दूसरी ओर मौसम के विपरीत होने के बाद भी बिक पेय पदार्थो के चलते बीमारियों में इजाफा होने की संभावनाओं से इंकार नही किया जा सकता है? यह बात अलग है कि भले की अनेक स्कूलों में



वोर्ड परीक्षाओं के साथ साथ स्थानीय स्तर के पूरीक्षा भी लगभग समाप्त हो चुकी है। मगर शिक्षण संस्थाये अभी भी जारी है। वही दूसरी ओर आने वाले एक अप्रैल से नया शिक्षा सत्र शुरू होने के चलते बच्चें अभी से पुस्तक दुकानों पर खरीददारी करते हुये दिखाई देने से नही चूक रहे है। मगर बाजार में मिलावटी ठंडे पेय पदार्थो की बिक्री के चलते बच्चों के स्वास्थ्य पर विपरित असर पड़ने की संभावना में इजाफा होने से नही चूक पा रहा है तथा नगर के अभिभावकों का कहना है कि इस मौसम में वैसे भी बच्चें जहां अनेक प्रकार की परेशानियों से जूझना पड़ता है। वही दूसरी ओर नगर की साफ सफाई व्यवस्था पटरी से उतरी होने के कारण मच्छरों की बढ रही फौज के चलते वह अपनी पढ़ाई नही कर पा रहे है और न ही लोग रात के समय सो पा रहे है। इस हालत में जिस तरह अचानक कुल्फियां बनाने वाले ठिकानों पर काम काज बढ़ा तो आशंका है कि शहर और क्षेत्र के गांवो में बच्चों को ललचाने वाली रंगीन कुल्फियां की बिक्री शुरू हो चुकी है। वही शहर में जगह जगह ठंडे पेय पदार्थो के लगे ठेले भी बच्चो को आकर्षित करते हुए देखे जा रहे है। इस प्रकार से नगर में विकने वाली अमानक स्तर की कुल्फियों को लेकर अभिभावकों का कहना है कि इस तरह अमानक स्तर के ठंडे पेय पूदार्थो को सेवन करने का ही परिणाम है कि चिकित्सालयों मरीजों की लम्ब लाईने लगते हुय देखी जा रही है। वही दूसरी ओर मरीजों की संख्या में मासूब बच्चे अधिक दिखाई देने से नही चूक रहे है? कुछ इसी तरह कुछ साल पहले अमानक स्तर से बनाई गई कुल्फी खाने से जिले कि अतर्गत कुछ बच्चों के बीमार होने का उदाहरण देते हुए बताया कि यह कुल्फियों सस्ती बिकती हैं पर उनमें सेकरीन का मिश्रण रहता है? कुछ इसी प्रकार की स्थिति जहां तहां बिकने वाले काजू शेको में भी देखी जा रही है। इस स्थिति में इनके सेवन से बच्चों के बीमार पड़नें की अधिक सम्भावना रहती



है? इस संबंध में नगर के कुछ चिकित्सकों का कहना है कि इस समय लगातार बदल रहे मौसम में इन कुल्फियों की बिक्री इन दिनों बच्चो के हित में ठीक नही है। वही दूसरी ओर शहर के जागरूक अभिभावकों का कहना है कि शासन प्रशासन को शहर में विभिन्न प्रकार के शेक व रंगीन कुल्फियो सहित नामी कंपनियों की सूरत में जहां तहां बिकने वाले ठंडे पेय पदार्थो की बिक्री को प्रतिबंधित करने की पहल करे ताकि बच्चे स्वस्थ रहते हुए एक अप्रैल से शुरू हो रहे नये शिक्षा सत्र को सफल बना सके। वही दूसरी ओर गौर किया जावे तो अनेक दुकानों में जिस प्रकार से नामी गिरामी कंपनियों से मिलते जुलते नाम वाली या फिर उसी कंपनी के नाम पर डुप्लीकेट कोल ड्रिक्स की भी नगर में भरमार दिखाई देने से नही चूक पा रही है। बीते हुये साल नगर में एक कंपनी के डिस्ट्रीव्यूटर के द्वारा जिम्मेदार अधिकारियों को शिकायती आवेदन देते हुये बताया है कि नगर में कुछ दुकानदारों द्वारा बाजार में लोकल बनी ड्रिक्स का विक्रय कर रहे है जो कि बिना बिल की होती है। इस प्रकार से नगर में निर्मित होने वाली इन कोल ड्रिक्स को निर्मित करने के लिये जहां शासन द्वारा निर्धारित माप दंडों का पालन नही किया जा रहा है। वही दूसरी ओर आमजन के स्वास्थ्य पर भी विपरीत असर डालने से नही चूक रही है। कुछ इसी प्रकार की सच्चाई इस समय भी देखने मिल रही है। मगर बडे ही हैरत की बात है कि इस ओर न तो संबंधित विभाग ध्यान दे रहा है और न ही स्थानीय स्तर के जिम्मेदार अधिकारी जिसका परिणाम है कि ठंडा पेय पदार्थ विक्रय करने वालों के हौसले बुलंद होने से नही चूक रहे है। इस तरह नगर में मिलावटी ठंडे पेय पदार्थो का निर्माण होने से लेकर उनके विक्रय की सच्चाई को हरिभूमि द्वारा कुछ दिवस पहले प्रमुखता से उजागर किये जानेके बाद भी संबंधित विभाग द्वारा आज तक इस ओर ध्यान न देना चिंता का विषय बनने से नही चूक पा रहा है।

## निजी स्कूलों में निःशुल्क प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन 13 मार्च से

**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** शिक्षा का अधिकार अधिनियम के अंतर्गत सत्र 2026–27 में निजी स्कूलों की प्रथम प्रवेशित कक्षा में निःशुल्क प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन 13 मार्च 2026 से प्रारंभ होंगे। बताया जाता है कि ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि 28 मार्च 2026 निर्धारित की गई है। इस संबंध मे आर.टी.ई पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन पत्र का प्रारूप एवं निर्देश उपलब्ध कराये गए हैं। निजी विद्यालय में निःशुल्क प्रवेश के लिए आवेदकों का चयन, ऑनलाइन लॉटरी के माध्यम से 2 अप्रैल 2026 को किया जायेगा। इस विषय मे जनपद शिक्षा केंद्र चीचली एवं साईंखेड़ा से मिली जानकारी के अनुसार शिक्षा का अधिकार अधिनियम के अंतर्गत सत्र 2026–27 में निजी स्कूलों में निःशुल्क प्रवेश के लिए समय-सारिणी भी जारी कर दी गई है। साथ ही विस्तृत निर्देश भी प्रदान किए गए हैं। समय-सारिणी एवं दिशा निर्देश आर.टी.ई. पोर्टल पर भी उपलब्ध हैं। सत्र 2026-27 के लिए जारी समय सारिणी के अनुसार, निःशुल्क प्रवेश के लिए मान्यता प्राप्त अशासकीय स्कूलों एवं उनमें उपलब्ध कक्षा की सीट्स का पोर्टल पर प्रदर्शन दिनांक 09 मार्च 2026 से किया जाएगा। वहीं वंचित समूह एवं कमजोर वर्ग के आवेदक अपना आवेदन, ऑनलाइन प्रक्रिया से 13 मार्च से 28 मार्च 2026 के बीच जमा कर पंजीयन कर सकते हैं। फार्म के साथ पात्रता सम्बंधित कोई भी एक दस्तावेज अपलोड करना होगा। ऑनलाइन आवेदन के पश्चात आवेदकों को इसी अवधि में त्रुटि सुधार का अवसर भी मिलेगा। 14 मार्च से 30 मार्च की अवधि में दस्तावेजों का सत्यापन संबंधित संकुल केन्द्र वाले स्कूल में अधिकृत सत्यापनकर्ता अधिकारी से करवाना होगा। आवेदक ने आर.टी.ई. में निःशुल्क प्रवेश के लिये जिस कैटेगरी/निवास क्षेत्र के माध्यम से प्रवेश चाहा है। वही तत्तसंबंधी कैटेगरी एवं निवास प्रमाण का सत्यापन, संबंधित मूल प्रमाण पत्र से किया जायेगा। लाटरी के पूर्व ही दस्तावेज सत्यापन हो जाने से, आवेदकों को स्कूल आवंटित होने के बाद दस्तावेजों की त्रुटि या अभाव में, एडमिशन निरस्त होने की समस्या उत्पन्न नही होगी। ऑनलाइन आवेदन करने में कोई समस्या या कठिनाई होने की स्थिति में संबधित विकासखंड के बीआरसी कार्यालय में भी संपर्क किया जा सकता है। 02 अप्रैल 2026 को ऑनलाइन लॉटरी द्वारा छात्रों को निजी स्कूलों में सीट का आवंटन किया जायेगा। लॉटरी प्रक्रिया के उपरांत आवंटित सीट की जानकारी, आवेदक को उसके पंजीकृत मोबाइल नंबर पर, एसएमएस के माध्यम से प्रदान की जायेगी। ऑनलाइन लॉटरी की सूची आर.टी.ई. पोर्टल पर भी उपलब्ध रहेगी।किसी आवेदक को आवेदन करने में कोई दिक्कत हो या उन स्कूलों की जानकारी चाहिए हों जहां सीटें खाली हैं, तो आर.टी.ई. पोर्टल अथवा सर्व शिक्षा अभियान के ज़िला परियोजना कार्यालय अथवा विकासखण्ड स्त्रोत केन्द्र या जनशिक्षा केन्द्र कार्यालय में संपर्क किया जा सकता है।आयु के संबंध में, नर्सरी/के.जी.-1/के.जी-2 कक्षाओं में प्रवेश के लिए न्यूनतम आयु 03 से 04 वर्ष 06 माह एवं कक्षा-1 में प्रवेश के लिये न्यूनतम आयु 06 वर्ष से अधिक से 07 वर्ष 06 माह तक निर्धारित की गई है। सत्र 2026-27 के प्रवेश हेतु नर्सरी/के.जी.-1/के.जी-2 कक्षाओं के लिए आवेदक की आयु की गणना दिनांक 31 जुलाई 2026 की स्थिति में एवं कक्षा 1 के लिए 30 सितम्बर 2026 की स्थिति में की जायेगा।




## शहर की सरकारी भूमि लगातार चढ़ रही अतिक्रमण की भेंट, जिम्मेदार अधिकारियों की कार्यशैली पर खड़े हो रहे सवाल..?

**हरिभूमि न्यूज/ गाडरवारा।** यह बात अलग है कि जब उच्च स्तर हो या फिर किसी प्रभावशाली व्यक्ति की कालोनी व किसी प्रतिष्ठान के लिये कोई निर्माण कार्य की शुरूआत हो रही होती है तो राजस्व विभाग के अधिकारी गरीबों के पट्टी को भी निरस्त कराते हुये प्रभावशाली लोगों को उनकी मर्जी के मुताबिक जगह उपलब्ध कराने में पीछे नही रहते है..? मगर सही मायने में देखा जावे तो जिस तरह सरकारी भूमि पर कब्जा होते हुये देखा जा रहा है उसमें संबंधित विभाग की मिली भगत के बगैर संभव नही माना जाता सकता है..? नगर के अंदर शासकीय भूमि का हाल इस तरह बना हुआ देखा जा रहा है कि लोगों द्वारा अतिक्रमण करते हुये उस भूमि को राजस्व विभाग के कर्मचारियों की मिली भगत से विक्रय करने में पीछे दिखाई नही दे रहे है तो दूसरी ओर कुछ पहुंच वाले लोग इस तरह से भी देखे जा सकता है जिनकी पहुंच किसी बडे नेता या फिर मंत्री से होने के चलते वह शासकीय भूमि पर अपने ठेले जमाते हुये उन्हे गरीबों को किराये से प्रदान करते हुये हर माह हजारों रूपया की राशि अपनी जेबों में भरने में पीछे दिखाई नही दे रहे है..? यह सच्चाई नगर में अनेक जगहों पर देखने मिल सकती है जहां पर पहुंच वाले लोगों द्वारा शासकीय भूमियों पर अपना साम्राज्य स्थापित करते हुये रखे हुये ठेलों को किराय से चलाने में पीछे नही है..तो दूसरी ओर गुपचुप तरीके से उसका विक्रय करने में भी कोई कसर नही छोड़ रहे है..? कुछ इसी प्रकार की सच्चाई बीते हुये मंगलवार को उस समय देखने मिली जब अनुविभागीय अधिकारी द्वारा किये जा रहे जनसुनवाई कार्यक्रम के दौरान शासकीय भूमि पर अवैध कब्जा करते हुये उसे विक्रय करने की जुगाड़ से संबंधित शिकायती पत्र एसडीएम के नाम से सौपा गया। बताया जाता है कि नितिन जायसवाल द्वारा जन सुनवाई के दौरान दिये गये अपनी शिकायत में बताया गया है कि नगर के रेल्वे स्टेशन के पास चीचली तिराहे शासकीय नलकूप के समीप महाराणा प्रताप वार्ड की शासकीय भूमि पर कुछ लोगों द्वारा कब्जा करते हुये विक्रय किये जाने की जुगाड़ जमाई जा रही है? इस तरह शासकीय भूमि पर किये गये कब्जे के चलते यहां पर आसाजिक तत्वों का जमाड़ा लगा रहता है। जबकि इस स्थल की सच्चाई पर गौर किया जावे तो जहां सोमवार को यहां पर साप्ताहिक सब्जी बाजार लगने के चलते शहर सहित बाहर गांवो के लोग जिसमें मुख्य रूप से महिलाये सब्जी खरीदने के लिये पहुंचती है तो दूसरी ओर यही पर बच्चों का स्कूल होने के कारण छात्र छात्राये पढ़ाई करने के लिये आते है। जबकि इस स्थल से प्रतिदिन राजस्व विभाग के छोटे से लेकर बड़े अधिकारियों का आना जाना बना रहता है। मगर इसके बाद भी इस तरह यहां की शासकीय भूमि पर अवैध रूप से किये गये कब्जों को नजर अंदाज किये जाने का परिणाम है कि अतिक्रमणकारियों के हौसले बुलंद होने से नही चूक पा रहे है। इस तरह का हाल नगर के चीचली मार्ग रेल्वे फाटक के पास का भी देखने मिल रहा है जहां पर निर्माणाधीन ओबर ब्रिज के नीचे लगातार अवैध रूप से लोगों द्वारा अपने टपरे स्थापित करते हुये कब्जा जमाने में कोई कसर नही छोड़ी जा रही है। यहां पर हुये अतिक्रमण के चलते देखा जाता है कि देर रात के आवारा गर्दी होने के चलते यह आसामाजिक तत्वों का अड्डा बन चुहा है। जहां पर शराब खोरी से लेकर अन्य प्रकार के मादक पदार्थो का दोर देर रात के चलने के कारण शहर से ग्रामीण क्षेत्रों में जाने वाले लोगों को परेशानियों का सामना करते हुये देखा जा रहा है।



## बेटी को देखने आई माँ से शराबी पिता ने की मारपीट



**हरिभूमि न्यूज/ गाडरवारा।** जब लोग नशे की गिरप्त में समा जाते है तो उनका पूरा परिवार तहस नहस होने से नही चूकता है। कुछ इसी प्रकार की सच्चाई बीते हुये दिवस समीपस्थ ग्राम महगंवा कला में देखने मिली है। घटना के संबंध में बताया जाता है कि एक महिला द्वारा अपने पति के खिलाफ पुलिस थाने में शिकायत दर्ज कराते हुये बताया है कि मेरा पति मेरे साथ आये दिन शराब के नशे में गाली गलौच कर विवाद करता रहता था। इस कारण वह अपने पति को छोडकर अपने मायके मऊ घघरौला चली गयी थी। प्रार्थिया की लडकी अपने दादा दादा के साथ ग्राम महगवा कला मे रह रही थी। मगर माँ अपनी बेटी के प्रति प्यार उसे अपने घर तक खीचने से नही चूका। इस तरह माँ अपनी बेटी को देखने के लिये जब पति के घर यानि की महगंवा कला आई तो आरोपी पति अनिल मेहरा द्वारा अपनी पत्नी को गंदी गंदी गालिया देते हुये कहा कि यहां पर क्यो आई है। प्रार्थिया द्वारा अपने पति से कहा कि मै तो अपनी बेटी को देखने के लिये आई हुई हूं। वही दूसरी ओर बेटी ने भी अपने पिता को इस तरह गाली देने से मना किया तो आरोपी द्वारा अपनी पत्नी सहित बेटी के साथ मारपीट करते हुये चोटे पहुंचाते हुये जान से मारने की धमकी दी गई। घटना को लेकर पुलिस ने पीड़ित पत्नी की शिकायत पर आरोपी पति के खिलाफ मामला कायम करते हुये जांच में लिया गया है। इस तरह शराब के नशे ने जहां एक बेटी को अपनी माँ से दूर रहने के लिये मजबूर करते हुये परे परिवार को बिखरने में कोई कसर नही छोड़ी गई है।

## जहां तहां खुली पड़ी डीपी बन सकती बड़ी घटना का कारण

**हरिभूमि न्यूज/कल्याणपुर।** इस समय देखा जा रहा है कि जहां एक ओर बिजली विभाग द्वारा किसानों के जरा भी बिजली बिल यदि बकाया होते है तो उन्हें नोटिस देने के साथ साथ तुरंत बिजली लाईन काटने व संपत्ति कुर्क करने में देरी नही करता है..? मगर वही दूसरी ओर बिजली विभाग के लापरवाही के चलते क्षेत्र के किसानों को समय पर न तो पर्याप्त बिजली मिल पा रही है और न ही बिजली लाईनों का रख रखाब किया जा रहा है जिसके कारण आम लोगों की जिन्दगी को पूर्ण रूप से खतरे की घंटी बजते हुए दिखाई देने से नही चूक रही है? इस संबंध में बताया जाता है कि नगर के अनेक जगहों पर बिजली विभाग द्वारा सड़क किनारे पर जो डी पी रखी गई है उनमें सुरक्षा के हिसाब से न तो कटटायूट लगाये गये है और न ही पेटी, जिन जगहों पर यदि कट टाऊट लगाये भी गये है उनकी उंचाई इस प्रकार से देखी जा रही है कि कोई भी बच्चा आसानी से उन्हें पकड़कर अपनी जिन्दगी दाव पर लगा सकता है? इस बात की सच्चाई इस समय नगर सहित अन्य जगहों पर आसानी से देखने मिल रही है, जिसके चलते लोगों की जिन्दगी पर खतरा मड़राते हुए नजर आ रहा है? इस प्रकार से बिजली विभाग के लापरवाह रवैया के चलते जहां लोग खतरे के बीच अपनी जिन्दगी व्यतीत करने के लिये मजबूर है, वही मुख्य रास्ते के किनारे पर रखी हुई डीपियों के चलते राहगीरों को भी खतरा लगने लगा है?

## खबर संक्षेप

### आज से सुरक्षा जवान एवं सुपरवाईजर के लिए पंजीयन शिविर

**उमरिया।** जिला रोजगार अधिकारी ने बताया कि सुरक्षा जवान एवं सुपरवाईजर के लिए पंजीयन शिविर का आयोजन 10 मार्च से 17 मार्च तक किया जाना है । उन्होने बताया कि 10 मार्च को जनपद पंचायत मानपुर में , 11 मार्च को जनपद पंचायत पाली में , 12 मार्च को जनपद पंचायत करकेली में, 13 मार्च को शासकीय आईटीआई कोहका में, 16 मार्च को शासकीय आईटीआई पाली में तथा 17 मार्च को शासकीय आईटीआई उमरिया में पंजीयन शिविर आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने कहा है कि शिविर पंजीयन करते समय आवेदको से किसी भी प्रकार का शुल्क न वसूला जाए । शिविर पूरी तरह निशुल्क रहेगा ।

### कोल इंडिया के 450 नान-एक्जिक्यूटिव कर्मचारियों को मिलेगा प्रमोशन

**राजनगर।** भारत की सबसे बड़ी कोयला उत्पादक कंपनी कोल इंडिया लिमिटेड के अनुषंगी कंपनियों में नान-एग्जीक्यूटिव कर्मचारियों को अधिकारी पद पर पदोन्नत करने की प्रक्रिया अंतिम चरण में पहुंच गई है। कंपनी के मानव संसाधन विभाग ने विभागीय प्रमोशन प्रक्रिया को अंतिम रूप दे दिया है और 15 मार्च तक चयनित कर्मचारियों की अंतिम सूची जारी होने की संभावना है। उल्लेखनीय है, कि कोल इंडिया की अनुषंगी कंपनियों के कुल 4400 कर्मचारियों ने विभिन्न विभागों में अधिकारी बनने के लिए आवेदन किया था। इनमें से लगभग 3400 आवेदन केवल मानव संसाधन (एचआर) विभाग के लिए प्राप्त हुए थे। स्क्रूटनी के बाद कोल इंडिया की चयन समिति ने 450 उम्मीदवारों की सूची को अंतिम रूप दे दिया है। चयनित कर्मचारियों को ई-2 ग्रेड में अधिकारी बनाया जाएगा। औपचारिक स्वीकृति मिलने के बाद कंपनी द्वारा आधिकारिक सूची जारी कर दी जाएगी। इसके बाद चयनित अधिकारी विभिन्न विभागों में अपनी जिम्मेदारी संभालेंगे। कोल इंडिया में जिन प्रमुख विभागों में अधिकारियों की नियुक्ति की जाएगी, उनमें उत्खनन, वित्त, कार्मिक (एचआर), विद्युत एवं यांत्रिकी, सिविल, सर्वे, सिस्टम (आईटी), सामग्री प्रबंधन, विपणन एवं बिक्री, कानूनी, पर्यावरण, इलेक्ट्रॉनिक्स एवं दूरसंचार, जनसंपर्क, सचिवीय, कंपनी सचिव तथा सुरक्षा विभाग शामिल हैं। इन विभागों में चयनित अधिकारी तकनीकी संचालन, वित्तीय प्रबंधन, मानव संसाधन, खदान सर्वेक्षण, आईटी प्रणाली, आपूर्ति प्रबंधन, विपणन, कानूनी मामलों, पर्यावरणीय मानकों और सुरक्षा व्यवस्था से जुड़े कार्यों की जिम्मेदारी संभालेंगे।

### सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में कल किया जाएगा रक्तदान शिविर का आयोजन

**कोतमा।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कोतमा में 11 मार्च बुधवार को रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया है। खंड चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर केएल दीवान ने बताया कि रक्तदान शिविर का आयोजन स्वर्ण लिपि चेरीटेबल ट्रस्ट मुंबई के द्वारा आयोजित किया गया है। उन्होंने बताया कि शिविर का आयोजन सुबह 10:00 बजे से शाम तक किया जाना है रक्तदान शिविर में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर रक्तदान करने की अपील करते हुए कहा कि आपके रक्तदान करने से किसी की जान बच सकती है इसलिए ऐसे पुनीत कार्य में आगे आकर रक्तदान करें।

### ट्रेन से भाग रहा 12 वर्षीय बालक आरपीएफ की सतर्कता से मिला, बाल कल्याण समिति को सौंपा गया

**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।** रेल सुरक्षा बल (आरपीएफ) पोस्ट अनूपपुर की सतर्कता से एक 12 वर्षीय नाबालिग बालक को सुरक्षित बरामद कर बाल कल्याण समिति को सुपुर्द किया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार 07 मार्च को रात लगभग 10 बजे मंडल सुरक्षा नियंत्रण कक्ष बिलासपुर से रेल मदद पोर्टल के माध्यम से सूचना प्राप्त हुई कि गाड़ी संख्या 18247 बिलासपुर-रीवा एक्सप्रेस के कोच एस-6 बर्थ नंबर 47 में एक 12 वर्षीय बालक घर से बिना बताए कहीं जा रहा है। सूचना मिलते ही रेल सुरक्षा बल पोस्ट अनूपपुर में तैनात सहायक उपनिरीक्षक एम.आर. घृतलहरे तथा प्रधान आरक्षक ए.पी. शुक्ला द्वारा तत्काल कार्रवाई करते हुए ट्रेन को अटेंड किया गया। आरपीएफ जवानों ने बालक को सुरक्षित उतारकर पूछताछ की। पूछताछ में बालक ने अपना नाम हर्ष द्विवेदी (12 वर्ष) पिता गिरधारी द्विवेदी निवासी शीतला मंदिर के पास शीतलापारा रायपुर (छत्तीसगढ़) बताया। रेल सुरक्षा बल द्वारा बालक के परिजनों को सूचना दी गई। इस संबंध में बालक के नाना अशोक शुक्ला निवासी जमुनिया जिला सीधी को भी जानकारी दी गई।

# कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में समय सीमा बैठक आयोजित

## लंबित प्रकरणों के शीघ्र निराकरण के दिए निर्देश

**डिंडौरी।**



कलेक्टर अंजू पवन भदौरिया ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित समय सीमा बैठक में जिले में संचालित विभिन्न शासकीय योजनाओं विकास कार्यों और जनहित से जुड़े प्रकरणों की विस्तार से समीक्षा की। बैठक में अपर कलेक्टर जेपी यादव सीईओ जिला पंचायत दिव्यांशु चौधरी अतिरिक्त सीईओ जिला पंचायत पंकज जैन एसडीएम डिंडौरी भारती मेरावी डिप्टी कलेक्टर वैधनाथ वासनिक प्रियांशी जैन और अक्षय डिगरसे सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।बैठक के दौरान कलेक्टर ने मुख्यमंत्री हेल्पलाइन में प्राप्त शिकायतों की समीक्षा करते हुए लंबित प्रकरणों का शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि शिकायतों के निराकरण में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।कलेक्टर ने मनरेगा अंतर्गत निर्माणाधीन शौचालय सड़क और ग्राम पंचायत स्तर पर चल रहे विकास कार्यों की नियमित समीक्षा और निरीक्षण के निर्देश सीईओ जिला पंचायत को दिए। साथ ही मुख्यमंत्री कन्या विवाह निकाह योजना के अंतर्गत सामूहिक विवाह कार्यक्रम 20 अप्रैल को करंजिया बजाग 28 अप्रैल को डिंडौरी 7 मई को शहपुरा तथा 14 मई को अमरपुर समनापुर में आयोजित किए जाने की जानकारी दी। पात्र हितग्राहियों को आवश्यक दस्तावेजों के साथ सामाजिक न्याय विभाग से संपर्क कर योजना का लाभ लेने के निर्देश दिए गए।

कलेक्टर ने आरटीओ विभाग को बिना परमिट रोड टैक्स और फिटनेस प्रमाण पत्र के संचालित वाहनों पर सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए। वहीं पीएचई विभाग को 31 मार्च तक नल जल योजना से संबंधित सभी निर्माण कार्य पूर्ण करने के लिए कहा ताकि ग्रीष्मकाल में पेयजल समस्या उत्पन्न न हो।कलेक्टर ने बताया कि जल गंगा संवर्धन अभियान का शुभारंभ 19 मार्च से किया जाएगा। इसके अंतर्गत जिले के सभी विकासखंडों में कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे जिनमें स्थानीय जनप्रतिनिधियों को भी आमंत्रित किया जाएगा और लोकार्पण तथा भूमिपूजन कार्यक्रम उनके समन्वय से संपन्न होंगे।उन्होंने महिला बाल विकास और स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि विकासखंड स्तर पर आयोजित दिव्यांगजन शिविरों में पात्र दिव्यांगजनों के आधार कार्ड समग्र आईडी पेंशन ईकेवायसी और दिव्यांग प्रमाण पत्र की प्रक्रिया पूरी की जाए ताकि उन्हें शासन की योजनाओं का लाभ मिल सके।

कलेक्टर ने स्वास्थ्य विभाग को निर्देश दिए कि बीएमओ सीएचओ और स्वास्थ्य केंद्रों की टीम स्कूलों में शिविर लगाकर स्वास्थ्य परीक्षण करें और आवश्यक टीकाकरण सुनिश्चित करें।उन्होंने कहा कि जिले के नदी नाले जलाशय और स्टॉप डेम पर पानी रोकने के लिए गेट लगाए गए हैं। जिन स्थानों पर गेट नहीं लगे हैं उनकी जानकारी आम जनता उपलब्ध कराए। सही जानकारी देने वालों को जिला प्रशासन द्वारा पुरस्कृत किया जाएगा।कलेक्टर ने कृषि विभाग को अधिक से अधिक किसानों का पोर्टल पर पंजीयन कराने के निर्देश दिए ताकि उन्हें शासन की योजनाओं का लाभ मिल सके। खाद्य विभाग को उज्ज्वला योजना के लक्ष्य को पूरा करते हुए अधिक से अधिक परिवारों को गैस कनेक्शन उपलब्ध कराने के लिए कहा गया।कलेक्टर ने जिला शिक्षा अधिकारी सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग और डीपीसी को 1 अप्रैल से शुरू होने वाले प्रवेश उत्सव कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए विकासखंड स्तर पर विभिन्न विद्यालयों में कार्यक्रम आयोजित करने के निर्देश दिए।बैठक में न्यायालयीन प्रकरण समग्र आईडी ईकेवायसी सीपी ग्राम पीएम जनमन योजना स्वच्छ भारत मिशन स्कूलों में शौचालयों की साफ सफाई नगरीय निर्माण कार्यों की प्रगति और राजस्व प्रकरणों की भी समीक्षा की गई। कलेक्टर ने बंटवारा सीमांकन नामांतरण नक्शा तरमीम फौती नामांतरण फार्मर रजिस्ट्री और राजस्व वसूली के लक्ष्य को पूरा करने के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।

# नगर में बिना अनुमति बन रहीं बहुमंजिला इमारतों पर कार्रवाई के निर्देश



## राजस्व वसूली तेज करने के आदेश

**डिंडोरी।** शहर में बिना अनुमति बन रही 4.5 मंजिला इमारतों को लेकर संबंधित अधिकारियों को जांच और आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं। मुख्य नगर पालिका अधिकारी ने स्पष्ट किया है कि नियमों को दरकिनार कर किए जा रहे निर्माण कार्यों पर सख्त कदम उठाए जाएंगे और दोषियों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।इसी क्रम में सीएमओ अमित तिवारी ने राजस्व वसूली की प्रगति को लेकर अधिकारियों की बैठक ली। बैठक में उन्होंने लंबित राजस्व की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए कि वसूली की प्रक्रिया को तेज किया जाए और सभी बकायेदारों से समय पर राजस्व जमा कराया जाए।सीएमओ तिवारी ने विशेष रूप से शहर के बड़े बकायेदारों पर ध्यान देने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शहर में संचालित सभी दुकानें होटल बारातघर विद्यालय और अन्य बड़े प्रतिष्ठानों से तत्काल राजस्व वसूली सुनिश्चित की जाए। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि कोई भी बकायेदार निर्धारित समय में राजस्व जमा नहीं करता है तो उसके खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी।बैठक में उन्होंने यह भी कहा कि मार्च माह के भीतर सभी लंबित राजस्व वसूली को हर हाल में पूरा किया जाए। इस कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही या ढिलाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। अधिकारियों को अपने.अपने क्षेत्रों में त्वरित सर्वेक्षण कर बकायेदारों को नोटिस जारी करने और विशेष अभियान चलाकर राजस्व वसूली करने के निर्देश दिए गए हैं।मुख्य नगर पालिका अधिकारी का कहना है कि अवैध निर्माण और राजस्व बकाया दोनों ही मामलों में सख्ती बरती जाएगी ताकि शहर में नियमों का पालन सुनिश्चित हो

# नारायणी महिला संगठन ने मनाया नारी दिवस और होली मिलन उत्सव



**शहपुरा।** नगर की अग्रणी सामाजिक संस्था नारायणी महिला संगठन द्वारा अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस एवं रंग पंचमी के पावन अवसर पर स्थानीय गुप्ता मैरिज गार्डन में भव्य श्होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में संगठन की सभी पदाधिकारियों और सदस्यों ने बढ़.चढ़कर हिस्सा लिया और उत्सव की खुशियां बांटीं।

## सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से सजी शाम

कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के पूजन के साथ हुआ। महिला दिवस के महत्व पर प्रकाश डालते हुए वक्ताओं ने नारी शक्ति के सशक्तिकरण पर अपने विचार साझा किए। इसके पश्चात रंग पंचमी के उपलक्ष्य में फूलों की होली और गुलाल के साथ सदस्यों ने एक.दूसरे को पर्व की शुभकामनाएं दीं। फाग गीतों पर महिलाओं ने पारंपरिक नृत्य कर माहौल को उल्लासमय बना दिया। सामाजिक सरोकारों में अग्रणी संगठन विदित हो कि नारायणी महिला संगठन शाहपुरा नगर में अपनी विशिष्ट पहचान रखता है। संगठन द्वारा समय.समय पर सामाजिक एवं सांस्कृतिक आयोजन धार्मिक उत्सव एवं भव्य गरबा महोत्सव नारी बंधन एवं कन्या बंधन कार्यक्रम जैसे महत्वपूर्ण सेवा प्रकल्प चलाए जाते हैंए जिससे नगर की महिलाओं में एकजुटता और सांस्कृतिक चेतना जागृत होती है। इस अवसर पर संगठन की अध्यक्ष समेत समस्त कार्यकारिणी सदस्य एवं बड़ी संख्या में मातृशक्ति उपस्थित रही। कार्यक्रम के अंत में सभी के लिए स्वल्पाहार की व्यवस्था की गई और संगठन के आगामी सेवा कार्यों की रूपरेखा साझा की गई।

# रंगपंचमी पर शहपुरा में फाग गायन की गूंज

## 36 टीमों ने लिया हिस्सा होली मिलन समारोह में उमड़ा जनसैलाब

**शहपुरा।**





रंगपंचमी के अवसर पर शहपुरा में होली मिलन समारोह का भव्य आयोजन हुआ कार्यक्रम में पारंपरिक फाग गायन की विशेष धूम देखने को मिली। समारोह में क्षेत्रीय विधायक ओमप्रकाश धुर्वे के साथ बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि भाजपा कार्यकर्ता पदाधिकारी पत्रकार और नगरवासी शामिल हुए। सभी ने एक दूसरे को रंग गुलाल लगाकर होली और रंगपंचमी की शुभकामनाएं दीं तथा उत्सव का आनंद लिया।कार्यक्रम के दौरान विधायक होली फाग गायन प्रतियोगिता भी आयोजित की गई। प्रतियोगिता में विधानसभा क्षेत्र की 36 टीमों ने उत्साह के साथ भाग लिया। सभी प्रतिभागी टीमों को प्रोत्साहन स्वरूप एक हजार रुपये की सांत्वना राशि प्रदान की गई।

प्रतियोगिता में निघोरी भानपुर अमरपुर की टीम ने शानदार प्रस्तुति देकर प्रथम स्थान प्राप्त किया। विजेता टीम को 11 हजार रुपये की परितोषिक राशि प्रदान कर सम्मानित किया गया। द्वितीय स्थान श्री रामजानकी मंदिर शहपुरा सूर्या के दल को मिला जिन्हें 5100 रुपये का पुरस्कार दिया गया। वहीं तृतीय स्थान कठोतिया मेहंदवानी के रामस्वरूप जी के दल ने प्राप्त किया जिन्हें 2100 रुपये की परितोषिक राशि दी गई।कार्यक्रम में कलाकारों ने ढोलक मंजीरा और झांझ की मधुर धुनों पर पारंपरिक फाग गीत प्रस्तुत किए जिससे पूरा वातावरण उत्सवमय हो गया। फाग गायन की प्रस्तुतियों ने उपस्थित लोगों का मन मोह लिया और देर तक तालियों की गूंज सुनाई देती रही।इस अवसर पर विधायक ओमप्रकाश धुर्वे ने सभी को होली और रंगपंचमी की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि ऐसे सांस्कृतिक कार्यक्रम हमारी समृद्ध परंपराओं को जीवित रखते हैं और समाज में भाईचारे तथा सौहार्द को मजबूत बनाते हैं।

# प्रस्फुटन समितियों का क्षमतावर्धन प्रशिक्षण कार्यक्रम

**अमरपुर**



मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद की क्षमता वर्धन प्रशिक्षण योजना अंतर्गत हाई स्कूल बाल विकास विद्या मंदिर विकासखंड अमरपुर में एक दिवसीय प्रस्फुटन समितियों के क्षमता वर्धन प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न हुई। आयोजित कार्यक्रम के मुख्य अतिथि वरिष्ठ सामाजिक कार्यकर्ता गुलाब सिंह ठाकुरए विशिष्ट अतिथि साहब लाल पुषाम तथा मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद विकास खंड समन्वयक अमरलाल धुर्वे की उपस्थिति में भारत माता के तेलीय चित्र पर दीप प्रज्वलित करते हुए कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम शुभारंभ के पश्चात अतिथियों का तिलक एवं पुष्प भेंट कर उनका स्वागत किया गया। स्वागत के पश्चात अमरपुर सेक्टर के नवांकुर संस्था कार्यक्रम अरविंद यादव द्वारा कार्यक्रम की रूपरेखा बताई गई। तत्पश्चात राज्य कार्यालय द्वारा निर्देशित विषय वस्तु द्वारा प्रशिक्षण में उपस्थित प्रतिभागियों को प्रशिक्षण दी गई। जिसमें उक्त विषयों को विस्तृत रूप से बताया गया। जिसमें सर्वप्रथम विकासखंड समन्वयक अमर लाल धुर्वे द्वारा मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद की परिकल्पना ;स्वेच्छिक सामूहिकता स्वावलंबनद्ध परामर्शदाता नीतू मरकाम द्वारा समग्र ग्राम विकास की अवधारणा एवं चरण के विषय तथा स्वैच्छिक संस्थाओं का गठन एवं प्रबंधन और प्रस्फुटन समितियों का दस्तावेजीकरण के विषय में नवांकुर समन्वयक अरविंद कुमार यादव द्वारा प्रशिक्षण दिया गया। अंत में जैविक कृषि हेतु जीवामृत बनाने की मात्रा एंव विधि एवं सोलर मोटर तथा कृषि विभाग द्वारा संचालित कृषि को धंधा बनाने के विषयों पर कृषि विकास विस्तार अधिकारी रोहिणी साल्वे द्वारा प्रशिक्षण दिया गया। उक्त कार्यक्रम में प्रस्फुटन समितियों के अध्यक्ष सचिव सदस्य तथा नवांकुर सखी सहित 35 प्रतिभागियों ने भाग लिए। आयोजित कार्यक्रम के अंत में उपस्थित प्रतिभागियों को विकासखंड समन्वयक द्वारा प्रमाण पत्र प्रदान कर सभी का आभार व्यक्त कर कार्यक्रम का समापन किया गया।

# आरसेटी डिंडोरी में राजमिस्त्री प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न

**ग्रामीण युवाओं को रोजगारोन्मुखी कौशल प्रदान कर आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से**

**डिंडोरी।**



ग्रामीण युवाओं को रोजगारोन्मुखी कौशल प्रदान कर आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से आरसेटी डिंडोरी में संचालित राजमिस्त्री प्रशिक्षण कार्यक्रम का सफल समापन किया गया। यह प्रशिक्षण सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया के सहयोग से आयोजित किया गया जिसमें प्रतिभागियों को निर्माण कार्य से जुड़ी आधुनिक तकनीकों और व्यावहारिक प्रशिक्षण की जानकारी दी गई।प्रशिक्षण अवधि के दौरान प्रतिभागियों को ईंट गारा कार्य प्लास्टरिंग और निर्माण की मूलभूत तकनीकों का प्रशिक्षण दिया गया। इसके साथ ही कार्यस्थल सुरक्षा लागत प्रबंधन और स्वरोजगार से जुड़े महत्वपूर्ण पहलुओं के बारे में भी जानकारी प्रदान की गई। प्रशिक्षण का उद्देश्य युवाओं को व्यावहारिक कौशल के माध्यम से रोजगार और स्वरोजगार के लिए सक्षम बनाना रहा।

समापन कार्यक्रम में आरसेटी डिंडोरी के निदेशक एस एस समद ने प्रशिक्षार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि कौशल आधारित प्रशिक्षण कार्यक्रम ग्रामीण युवाओं के लिए नए अवसरों के द्वार खोलते हैं। उन्होंने प्रशिक्षार्थियों को अपने कौशल का उपयोग कर स्वरोजगार स्थापित करने और आर्थिक रूप से सशक्त बनने के लिए प्रेरित किया।कार्यक्रम में परीक्षक सत्यम सिंह और रोहित जायसवाल उपस्थित रहे। इस अवसर पर जिला डीएम स्किल एनआरएलएम भगत आमों ट्रेनर महेंद्र परिहार फैकल्टी दीपिका सिंगौर ऑफिस असिस्टेंट राधिका पड़वार और हंसराज तथा राम प्रसाद पाराशर की उपस्थिति रही।उल्लेखनीय है कि आरसेटी डिंडोरी द्वारा समय समय पर विभिन्न कौशल विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित कर युवाओं और महिलाओं को स्वरोजगार के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। इससे ग्रामीण क्षेत्र में आत्मनिर्भरता और आर्थिक सशक्तिकरण को बढ़ावा मिल रहा है।

# आंगनबाड़ी केंद्र भवन के अभाव में उप स्वास्थ्य केंद्र में हो रहा संचालित

**अमरपुर।**



जनपद पंचायत अमरपुर मुख्यालय के सबसे करीबी ग्राम रामगढ़ में लगभग 10 वर्षों से आंगनवाड़ी भवन जर्जर होने के चलते पूर्व में बने एक सामुदायिक भवन में संचालित किया जा रहा था। जहां पर वर्तमान समय में मध्यान्ह भोजन बनाने का कार्य किया जा रहा हैं। 4.5 वर्षों पूर्व ग्राम में उप स्वास्थ्य केंद्र भवन का निर्माण होने के बाद से आंगनबाड़ी केंद्र का संचालन उप स्वास्थ्य केंद्र भवन में ही किया जा रहा हैं। जहां पर वर्तमान समय में एक ही भवन में दो संस्थाएं वर्षों से संचालित हो रहे हैं। प्राप्त जानकारी अनुसार भवन विहीन आंगनबाड़ी केंद्रों की जानकारी पूरे ब्लॉक की परियोजना अधिकारी अमरपुर द्वारा उच्चाधिकारियों को भेजी जा चुकी हैं। ब्लॉक भर में जिन भवन विहीन आंगनबाड़ी केन्द्रों की संख्या लगभग आधा सैकड़ा हैं।

साथ ही जिसमें कुछ उप स्वास्थ्य केंद्र भी शामिल हैं। परंतु शासन प्रशासन द्वारा क्षेत्र के इन गरीब आदिवासी नौनिहाल बच्चों पर तरस नहीं आ रहा हैं। जबकि आंगनबाड़ी केंद्रों के माध्यम से बच्चों को सशक्त एवं कुपोषण से बचाव के लिए पोषण आहार एवं शुद्ध वातावरण उपलब्ध कराने की जिम्मेदारी भी शासन प्रशासन को हैं। उक्त उप स्वास्थ्य केंद्र में इलाज हेतु अनेक प्रकार के मरीज पहुंचते रहते हैं। जिससे नौनिहाल बच्चे संक्रमित होने की संभावना से भी इन्कार नहीं किया जा सकता हैं।

# बिलगांव में 15 मार्च को मनाई जाएगी कर्मा जयंती

**शहपुरा।**



जिले के शहपुरा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बिलगांव में प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी 15 मार्च 2026 को कर्मा जयंती का पर्व हर्षोल्लास भक्ति और भव्यता के साथ मनाया जाएगा। इस संबंध में ग्राम बिलगांव में समाज की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई जिसमें आयोजन की तैयारियों और कार्यक्रम की रूपरेखा पर विस्तार से चर्चा की गई।बैठक में निर्णय लिया गया कि कर्मा जयंती के अवसर पर समाज के प्रतिभावान विद्यार्थियों को मेडल और प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया जाएगा। इसका उद्देश्य बच्चों को शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित करना है। साथ ही समाज की एकता सांस्कृतिक परंपराओं और सामाजिक जागरूकता को बढ़ावा देने पर भी जोर दिया गया।कार्यक्रम में साहू समाज के बाहुल्य गांव करौंदी बरगांव अमठेरा बिलगांव घुंडीसरई कंचनपुर बांकी और शहपुरा सहित आसपास के क्षेत्रों से स्वजातीय बंधुओं की बड़ी संख्या में भागीदारी सुनिश्चित करने पर चर्चा की गई।समाज के वरिष्ठजनों ने कहा कि कर्मा जयंती केवल धार्मिक पर्व नहीं है बल्कि समाज की एकता संस्कृति और परंपरा का प्रतीक है।बैठक में उपस्थित सदस्यों ने कर्मा जयंती को भव्य और यादगार बनाने के लिए सभी से सहयोग की अपील की। कार्यक्रम के दौरान सांस्कृतिक आयोजन सामाजिक सम्मान समारोह और सामूहिक सहभागिता के माध्यम से उत्सव को विशेष रूप से मनाने की रूपरेखा भी तय की गई।

## खबर संक्षेप

### आंगनबाडियों में मंगल दिवस योजना बदहाल, सक्षम अधिकारियों की कार्यशैली पर खड़े हो रहे सवाल?

**हरिभूमि न्यूज/ सांईखेड़ा।** सरकार की जनकल्याणकारी योजनाएँ अपने गंतव्य स्थानो पर पहुंचा तो दी जाती है, किन्तु उसके संचालन के लिए जिन अधिकारियों और कर्मचारियों को जिम्मेदारियां सौंपी जाती है वे पूरी तरह से लापरवाही की भेंट चढ़ जाती है। कुछ ऐसा ही जनपद पंचायत सांईखेड़ा क्षेत्र की अनेक आंगनवाड़ियो मे देखने को मिल रहा है, जहां मंगल दिवस योजना अमंगल दिवस बनती नजर आ रही है? दर असल आंगनवाडी केन्द्रो मे पोषण आहार योजनार्तगत हर माह के मंगलवार के दिन विशेष कार्यक्रम आयोजित किया जाना है। किन्तु इन कार्यक्रमो में भी जमकर पलीता लगाते हुए जान पड़ रहा है? ग्रामीण क्षेत्रों में जन चर्चाओं के माध्यम से मिल नही जानकारियों के अनुसार अनेक आंगनवाड़ियों में यह योजनाए बराबर संचालित नही होती है, जिसमें देखा जावे तो सबसे दयनीय हालत ग्रामीण व दूरस्थ क्षेत्रों के आंगनवाडी केन्द्रों की है जहां न तो विभाग के अधिकारी और न ही कोई कर्मचारी निरीक्षण करने पहुंचता है? ऐसे में नाम मात्र की कार्रवाई कर दी जाती है। इन आंगनवाडियों की स्थिति की सच्चाई पर गौर किया जाए तो वे बदहाल स्थिति से जूझ रही है न वहां बैठने की पर्याप्त व्यवस्था है और न ही सामान रखने की है। वही कुछ आंगनवाडी भवनों की हालत जर्जर हो चुकी तो कुछ टूटे मकानों में संचालन हो रहा है। इस तमाम बातो पर ध्यान तो ऐसे में योजनाओं का संचालन कैसा होगा यह स्वयं सिद्ध है, पर्याप्त मात्रा में आने वाली राशि कब और किधर जा रही है इसका कोई पता भी नही।

# शिकायतों का संतोषजनक निराकरण समय-सीमा में सुनिश्चित करें

## योजनाओं व विकास कार्यों की समीक्षा कर दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर





गत दिवस कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह की अध्यक्षता में सोमवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित समय सीमा बैठक में विभिन्न विभागों के लंबित प्रकरणों तथा शासन की महत्वपूर्ण योजनाओं की प्रगति की विस्तार से समीक्षा की गई। बैठक में कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि शासन की योजनाओं एवं कार्यक्रमों का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए तथा लंबित प्रकरणों का समय-सीमा में निराकरण किया जाए। आयोजित बैठक में सीईओ जिला पंचायत गजेन्द्र सिंह नागेश सहित विभागीय अधिकारी मौजूद थे। बैठक में कलेक्टर श्रीमती सिंह ने विभिन्न विभागों के लंबित टीएल पत्रकों की विभागवार समीक्षा करते हुए कहा कि जिन पत्रकों पर कार्रवाई शेष है, उन्हें प्राथमिकता के साथ पूर्ण किया जाए। उन्होंने सीएम हेल्पलाइन के तहत लंबित शिकायतों की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए कि शिकायतों का संतोषजनक निराकरण समय-सीमा में सुनिश्चित किया जाए। बैठक में समाधान ऑनलाइन के प्रकरणों की भी समीक्षा की गई।

### निर्धारित समय-सीमा में हो कार्य

कलेक्टर ने लोक सेवा गारंटी अधिनियम के अंतर्गत लंबित प्रकरणों की समीक्षा करते हुए कहा कि निर्धारित समय-सीमा में सेवाएं प्रदान करना अधिकारियों की जिम्मेदारी है। अतः सभी विभाग यह सुनिश्चित करें कि किसी भी प्रकरण में अनावश्यक विलंब न हो। बैठक में जल संचय-जन भागीदारी 2.0 प्रगति की समीक्षा की गई। एक बगिया मां के नाम परियोजना अंतर्गत स्वीकृत कार्यों तथा नर्मदा परिक्रमा पथ अंतर्गत प्रस्तावित पौधरोपण कार्यों के बारे में जानकारी ली गई। संबल योजनांतर्गत अनुग्रह सहायता राशि के प्रकरणों का निराकरण समय-सीमा में करने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्रीमती सिंह ने बैठक में जिले में आयोजित शिविरों में सभी विभागीय अधिकारियों को शासन की योजनाओं की जानकारी देने के निर्देश दिए। उन्होंने शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं से पात्र हितग्राहियों को लाभांवित करने को कहा। आयोजित बैठक में विभिन्न विभागों की जनकल्याणकारी योजनाओं एवं प्रगति की विस्तार से समीक्षा की गई।

### सड़क सुरक्षा समिति की बैठक सम्पन्न

कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह की अध्यक्षता में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में सोमवार को सम्पन्न हुई। बैठक में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संदीप भूरिया, निर्माण एजेंसियों के अधिकारी और अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद थे। कलेक्टर ने बैठक में जिले की समस्त सड़क मार्गों को दुरूस्त करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सड़क मार्गों में स्थित गड्ढों और साईड शोल्डरों का भराव किया जाए। सड़क के आजू-बाजू फैली हुई झाड़ियों की साफ- सफाई की जाए।

### यातायात व्यवस्था दुरूस्त करने के निर्देश

पुल-पुलियों का निर्माण कार्य समय सीमा में गुणवत्तापूर्वक किया जाए, निर्माण कार्यों की नियमित रूप से मॉनीटरिंग की जाए। उन्होंने सड़क मार्ग के विभिन्न स्थलों पर आवश्यक सुधार कार्य कराने के निर्देश दिए, जिससे किसी भी प्रकार की दुर्घटना न घटे। कलेक्टर ने दुर्घटना संभावित स्थलों पर साइन बोर्ड लगाने तथा अन्य आवश्यक सुरक्षा उपाय सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। जिले के सभी चिन्हित ब्लैक स्पॉट पर सुधार कार्य एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्रीमती सिंह ने निर्देश दिए कि जिले में यातायात व्यवस्था सुचारू एवं सुरक्षित रूप से संचालित हो, इसके लिए सभी संबंधित विभाग आपसी समन्वय से कार्य करें और सड़क सुरक्षा मानकों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करें। मुख्य शहर में किए गए अतिक्रमण को हटाने की कार्यवाही करें। फल एवं सब्जी विक्रेताओं के लिए स्थान चिन्हित करें। वाहनों को पार्किंग स्थल में रखने के निर्देश दें। शहर में चलने वाले हाथ ठेले एवं सब्जी विक्रेताओं के लिए भी स्थान चिन्हित करें।

## क्षीर धारा ग्राम योजना के तहत पशु जागरूकता शिविर सम्पन्न



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** मध्यप्रदेश शासन की महत्वाकांक्षी ष्क्षीर धारा ग्राम योजनाष के अंतर्गत जिले की जनपद पंचायत नरसिंहपुर के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत कोसमखेड़ा के ग्राम करहैयाखेड़ा में पशु जागरूकता शिविर का आयोजन सोमवार को किया गया। शिविर के दौरान पशु चिकित्सा विभाग के अधिकारियों- कर्मचारियों और गौ सेवकों ने घर-घर जाकर ग्राम का भ्रमण किया। इस दौरान पशुओं का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया और पशुपालकों को पशु प्रबंधन से संबंधित आवश्यक सुझाव दिए गए। गौ सेवक सूरज मालवीय ने पशुपालक बिजेंद्र सिंह घोषी की गाय का गर्भ परीक्षण किया। वहीं एव्हीएफओ रोहित मेहरा ने गायों में कृत्रिम गर्भाधान का कार्य संपन्न किया। शिविर में करहैया खेड़ा के पशुपालक अब आधुनिक तकनीक सेक्स सॉर्टेड सीमेन के प्रति विशेष रुचि दिखा रहे हैं। एबीपीओ कृत्रिम गर्भाधान केंद्र नरसिंहपुर के डॉ. एमपी तिवारी ने उपस्थित पशुपालकों से सीधा संवाद कर उन्हें योजना के लाभ और पशुपालन को लाभ का धंधा बनाने के गुर सिखाए। उपसंचालक पशु चिकित्सा सेवाएं डॉ. सुनील बृजपुरिया ने बताया कि जिले के कुल 61 ग्रामों को इस योजना हेतु चिन्हित किया गया है। जहाँ प्रथम चरण में जागरूकता शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। इस योजना को धरातल पर प्रभावी बनाने के लिए कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह और सीईओ जिला पंचायत गजेन्द्र सिंह नागेश द्वारा विशेष प्रयास किए जा रहे हैं।



## एमडेल इनोवेशन द्वारा इनफ्लुएंसर मीट का आयोजन



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** गत दिवस एमडेल इनोवेशन प्राइवेट लिमिटेड द्वारा स्थानीय गुरूकुल स्कूल में इन्फ्लुएंसर मीट 2026 का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में इंजी. रूद्रेश तिवारी शिक्षाविद, चैयरमेन एमआईएमटी कालेज नरसिंहपुर एवं संदीप भूरिया अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नरसिंहपुर की उपस्थिति में किया गया। कार्यक्रम के प्रथम सत्र में अतिथि श्री भूरिया ने अपने उद्बोधन में सोशल मीडिया के सकारात्मक उपयोग और साइबर सुरक्षा पर विशेष बल दिया तथा यूथ आइकन शिवम मिश्रा मॉडरेटर के सवालों के उत्तर देते हुए युवाओं से कहा कि, इन्फ्लुएंसर्स समाज का आईना हैं, उन्हें अपनी सामग्री कंटेंट के माध्यम से समाज में जागरूकता और सुरक्षा का संदेश फैलाना चाहिए। वही दूसरे सत्र में जिले के शिक्षाविद एवं एमआईएमटी कॉलेज के चेयरमैन इंजी. तिवारी ने शिक्षा क्षेत्र में अपने 25 वर्षों के अनुभव को साझा करते हुए शिक्षा और भविष्य की भूमिका पर चर्चा की। मॉडरेटर शिवम मिश्रा के सवालों का जवाब देते हुए इंजी. तिवारी ने कहा कि एमडिल इनोवेशन हमारी क्षमता को बढ़ाने का जरिया है। आज के युवा डिजिटल एजुकेटर्स के रूप में समाज का नवनिर्माण कर रहे हैं।

### जिले की तकनीकी प्रतिभा को हुआ सम्मान

कार्यक्रम के दोनों सत्रों में तकनीकी प्रतिभा से शिक्षा और सामाजिक प्रभाव पैदा करने वाले क्रिएटर्स को सम्मानित किया गया जिसमें बुंदेली संस्कृति कलाकार 80 वर्षीय जया बाई पटेल, गगन वर्षा कुशवाहा, मुकुंद तिवारी, रोहित चैधरी, अनुज सोनी, अनामिका पटेल, 14 वर्षीय शिवांश शर्मा, शिवम वर्मा सहित अन्य प्रतिभाओं का सम्मान किया गया। स्टार्टअप के सह-संस्थापक नेतराम पटेल और सुनील पटेल ने बताया कि एमडेल इनोवेशन स्कूलों में इनोवेशन - क्रिएटर लैब सेटअप कर रही है साथ ही, जिले में को क्रिएटर स्पेस की स्थापना की जा रही है, जो स्थानीय युवाओं को विशेषज्ञों और मेंटर्स की देखरेख में प्रोफेशनल कंटेंट क्रिएशन की सुविधा उपलब्ध कराएगी। इसका उद्देश्य वोकल फॉर लोकल के माध्यम से जिले के टैलेंट को वैश्विक पहचान दिलाना है। युवाओं को डिजिटल शिक्षा और तकनीकी से जोड़ने का ऐतिहासिक प्रयास एमडेल द्वारा युवा इन्फ्लुएंसर मीट 2026 में गूँजा सभ्य समाज के सजग प्रहरी का संकल्प की थीम पर आधारित इस कार्यक्रम ने जिले के 100 से अधिक प्रभावशाली डिजिटल क्रिएटर्स और शिक्षाविदों को एक मंच पर लाकर शिक्षा एवं आधुनिक तकनीक के नए युग का सूत्रपात किया। उक्त अवसर पर दीपक वर्मा सहित बड़ी संख्या में स्टाफ तथा नागरिकों की उपस्थिति रही।

# पूर्व राज्यमंत्री जालम सिंह पटेल के जन्मदिन पर विशेष....

## नरसिंहपुर की जनता के दिलों पर राज करने वाले जननेता "नेता नहीं, नरसिंहपुर का बेटा है जालम सिंह"

हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर



जनसेवा, सादगी और विकास की राजनीति का पर्याय बन चुके पूर्व राज्यमंत्री जालम सिंह पटेल का आज जन्मदिवस है। नरसिंहपुर जिले की राजनीति में उनकी पहचान एक ऐसे जननेता की है, जो हमेशा आम जनता के बीच रहकर उनकी समस्याओं को सुनते और उनका समाधान करने का प्रयास करते हैं। यही कारण है कि क्षेत्र की जनता उन्हें केवल नेता नहीं, बल्कि "नरसिंहपुर का बेटा" कहकर संबोधित करती है। श्री पटेल नर्मदा भक्त, गौसेवक, पर्यावरण प्रेमी और गरीबों के मसीहा के रूप में भी जाने जाते हैं। उनका जीवन समाजसेवा, जनकल्याण और क्षेत्र के विकास के लिए समर्पित रहा है। उनकी सरलता, विनम्रता और सहज व्यवहार ने उन्हें जनता के बीच विशेष स्थान दिलाया है। पूर्व राज्यमंत्री जालम सिंह पटेल का जन्म 10 मार्च 1964 को नरसिंहपुर जिले के गोटेगांव में एक प्रतिष्ठित कृषक परिवार में हुआ। वे प्रसिद्ध समाजसेवी एवं किसान स्व. मुलायम सिंह पटेल के पुत्र हैं। परिवार का समाजसेवा और राजनीति से गहरा जुड़ाव रहा है। उनके बड़े भाई सरदार सिंह पटेल वरिष्ठ समाजसेवी एवं इंजीनियर हैं, जो समाजहित के कार्यों में सक्रिय रहते हैं। वहीं उनके मंझले भाई प्रहलाद सिंह पटेल वर्तमान में मध्यप्रदेश सरकार में कैबिनेट मंत्री हैं और प्रदेश की राजनीति में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। श्री पटेल बचपन से ही पढ़ाई के साथ-साथ खेलकूद में भी काफी रुचि रखते थे। उन्होंने जबलपुर के प्रसिद्ध साइंस कॉलेज से बीएससी की उपाधि प्राप्त की। छात्र जीवन में वे वॉलीबॉल, क्रिकेट, कबड्डी, खो-खो, फुटबॉल, हॉकी, भाला फेंक और ऊँची कूद सहित कई खेलों में कॉलेज, विश्वविद्यालय और जिले का प्रतिनिधित्व कर चुके हैं। वे लंबे समय तक सहयोग क्रीड़ा मंडल के अध्यक्ष भी रहे और क्षेत्र में खेल प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने के लिए लगातार प्रयास करते रहे हैं। श्री पटेल धार्मिक और आध्यात्मिक गतिविधियों में भी विशेष रुचि रखते हैं। वे मां नर्मदा के अनन्य भक्त हैं और नर्मदा परिक्रमा पूर्ण कर चुके हैं। समय-समय पर वे धार्मिक आयोजनों और सामाजिक सेवा कार्यों में सक्रिय भागीदारी निभाते रहते हैं। इसके साथ ही उन्होंने शराब, सट्टा, जुआ और नशाखोरी जैसी सामाजिक बुराइयों के खिलाफ भी कई बार आंदोलन किए और समाज में जागरूकता फैलाने का कार्य किया। धैर्य, संकल्प और कर्मठता के प्रतीक जालम सिंह पटेल युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत हैं। वे हमेशा स्वच्छ और निष्कलंक राजनीति के पक्षधर रहे हैं तथा नई पीढ़ी को समाजसेवा और राष्ट्र निर्माण के लिए प्रेरित करते रहते हैं। जन्मदिवस के अवसर पर क्षेत्र के नागरिकों ने उनके स्वस्थ, सुखद और दीर्घायु जीवन की कामना करते हुए उन्हें हार्दिक शुभकामनाएँ दी हैं।

## टेबिल टेनिस एसोसिएशन की नवीन कार्यकारिणी गठित



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** जिले में एमपीटीटीएफ एफीलेटेड नरसिंहपुर टेबिल टेनिस एसोसिएशन गत कई वर्षों से जिले में टेबिल टेनिस खेल का प्रशिक्षण प्रदान कर रहा है। इस एसोसिएशन से प्रशिक्षण पाकर प्रतिभागी राज्य, जिला, संभाग एवं विश्वविद्यालय स्तर के खिलाडी निर्मित किये गये हैं। गत दिवस एसोसिएशन की संरक्षिका डॉ स्वाति चांदोरकर के नेतृत्व में नरसिंहपुर टेबिल टेनिस एसोसिएशन की नवीन कार्यकारिणी गठित की गयी। जिसमें सर्वसम्मति से पॉल मनोहर अध्यक्ष, आशीष उपाध्याय उपाध्यक्ष, संजीव नेमा सचिव, तरुणेन्द्र सिंह ठाकुर कोषाध्यक्ष, आशीष गुप्ता सहसचिव, प्रकाश विश्वकर्मा, कृष्णा चैरसिया, आर्यन चैरसिया कार्यकारिणी सदस्य नियुक्त किया गया। साथ ही एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष स्व.श्री देवेश तिवारी की स्मृति में प्रत्येक वर्ष क्लब में जिला स्तरीय टेबिल टेनिस प्रतियोगिता कराये जाने का निर्णय लिया गया।

## अंतर्राष्टीय महिला दिवस पर नारी शक्ति को किया सम्मानित




**तेंदूखेड़ा** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय के सेवा केंद्र तेंदूखेड़ा द्वारा अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। नारी शक्ति से स्वर्णिम समाज का निर्माण के तहत समाज की विभिन्न क्षेत्रों में अग्रणी महिलाओं को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन और ईश्वरीय स्मृति के साथ हुआ। सेवाकेंद्र प्रभारी बीके जानकी ने अपने संबोधन में कहा कि नारी केवल शरीर नहीं बल्कि एक दिव्य शक्ति है। जब नारी आध्यात्मिक रूप से सशक्त होती है तो वह पूरे परिवार और समाज को संस्कारवान बनाती है। बीके बिनीता दीदी ने राजयोग का अनुभव का अभ्यास कराया गया।जिससे मानसिक शांति और आंतरिक शक्ति को बढ़ाने के गुण सिखाए गए। मुख्य अतिथि ग्राम सरपंच तपस्या पटेल ने नारी समाज की धुरी है। आज की महिला को केवल बाहरी अधिकारों की ही नहीं बल्कि आंतरिक मूल्यों की भी आवश्यकता है।ताकि वह हर परिस्थिति का मुस्कुराकर सामना कर सके।अपनी बेटियों को भी आध्यात्मिक शिक्षा व नैतिक मूल्यों की शिक्षा कि महती आवश्यकता है। कार्यक्रम में कन्याओ नें नारी शक्ति का नृत्य द्वारा प्रदर्शन किया। अंत में सभी महिलाओ क्रो सम्मानित कर ईश्वरीय सौगात दी। बड़ी संख्या में उपस्थित महिलाओं ने संकल्प लिया कि वे व्यसन मुक्त और मूल्यनिष्ठ समाज बनाने में अपना पूर्ण सहयोग देंगी।

### कुछ साल पहले स्कूलों में शासन की राशि से बनाई गई टंकिया अनेक जगहों पर नही मना पाई अपना जन्म दिवस

**हरिभूमि न्यूज/सांईखेड़ा।** सरकार द्वारा शासकीय शिक्षण संस्थाओं में अध्ययन करने वाले छात्र छात्राओं को पीने के पानी को लेकर किसी भी प्रकार से परेशान न होना पड़े इस बात को ध्यान में रखते हुये एक नई य़ोजना चलाते हुये लाखों रूपया खर्च किये जाते है। मगर देखा जाता है कि सरकार द्वारा चलाई जाने वाली यह योजनाये अधिकारियों से लेकर संबंधित ठेकेदारों के लिये मलाई साबित होते हुये देखी जाती है, जिसके चलते शासन की लाखों रूपया की राशि खर्च होने के बाद भी वह निर्माण कार्य अपना एक जन्म दिन मनाने के पहले ही गायब नजर आने लगते है। कुछ इसी प्रकार की सच्चाई बीते हुये वृर्ष स्कूलों में बच्चों को पानी पीने के लिये टंकियों का निर्माण कराया गया था। मगर शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों के स्कूलों में देखा जावे तो एक वर्ष पहले बनाई गई यह टंकिया जहां गायब नजर आ रही है तो दूसरी ओर अनेक जगहों पर टंकियों में लगे हुये नल टूटे दिखाई दे रहे है।




## नगर में पुराने पेड़ो सहित पानी टंकी क्षेत्र में शाम होते ही खुलेआम झलकते हुये दिखाई देते है शराब के जाम.

**हरिभूमि न्यूज/ गाडरवारा।** इस समय नगर में जिस प्रकार से जहां नगर के अंदर रहवासी इलाकों में शराब दुकानों का जो संचालन हो रहा है उसके चलते जहां संपूर्ण नगर में आये दिन शराब खोरी करने वालों का आंतक तो मचा ही रहता है। वही इन दुकानों के आसपास संचालित हो रहे मांस व अंडे की दुकानों के चलने के कारण नगर का वातावरण पूर्णरूप से प्रदूषित हो चुका है, वही दूसरी ओर देखा जा रहा है कि शहर में युवाओं व किशोरों में लगातार शराब पीने का शौक कित्तना अधिक बढ़ता जा रहा है। इसकी मिशाल रात के समय नगर के अंदर संचालित हो रही शराब दुकानों पर जुटने वाली भीड़ को देखने से ही मिल रही है। लेकर नगर में लायसेंस शुदा बीयरवारों के न होने की स्थिति में युवा महंगी शराब खरीदने के बाद भी जाम छलकाने के लिए ठंड के माहौल में भटकते हुए जगह की तलाश करते हुए नजर आ रहे है और कभी कभार तो यह लोग ऐसे स्थानों पर खुलेआम शराब पीने लगते है जिनके आसपास रहवासी लोगों के मकान बने होते है तथा राहगीरों व वाहनों की लगातार आवाजाही होती रहती है। इस प्रकार से नगर में देखा जावे तो जहां तहां शराबियों द्वारा जमाये जाने वाले अड्डो के चलते आम लोगों का अपने घरों से निकलना मुश्किल होते हुए देखा जा रहा है। वही दूसरी ओर शराब पीने के शौकीन युवाओं ने रात में अब सड़कों के किनारों पर सीना ताने खड़े हुए बडे आकार के उन पेड़ो का सहारा लेना शुरू कर दिया गया है जिनकी कटाई, छटाई वर्षो से न होने से उनके ईर्दगिर्द रात में अंधेरा व्याप्त रहता है। बताया जाता है कि इन वृक्षों की ओट में बैठे हुए शराब के शौकीन युवा जरूरत पड़ने पर मोबाईल की रोशनी में शराब पीकर शोर मचाते हुए देखे जाते है जिसके चलते आसपास निवास करने वाले लोगों को काफी परेशानियों का सामना करने के लिए मजबूर होते हुए देखा जा रहा है। कुछ इसी प्रकार का हाल नगर की पानी टंकी क्षेत्र में भी देखने मिल रहा है। बताया जाता है कि शाम होते ही नगर की पानी टंकी यानि की कामथ काम्पलेक्स के पीछे वाले हिस्से में शाम से लेकर देर रात तक खुलेआम जाम से जाम टकराने का दौर चलने के कारण इस मार्ग से आमजन का निकलना दुभर होने लगा है। इस प्रकार से देखा जावे तो पुलिस की उदासीनता के चलते नगर में जहां तहां हो रही शराबखोरी के चलते नगर की शांति प्रिय माने जाने वाली मर्यादा लगातार तार तार होने की हालत में आती जा रही है।